# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
# कार्यपत्रक(2026-27)

**कक्षा: 3** **विषय: हिंदी** **माह: जुलाई** **अंक: 40**

**दिया गया पाठ्यक्रम: पाठ 5 आम का पेड़ और पाठ 6 बीरबल की खिचड़ी**

विद्यार्थी का नाम: ________________________________________

अनुक्रमांक.____ कक्षा/अनुभाग:_____ दिनांक: ________

---

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ्कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (1x5= 5अंक)

गरमियों के दिन थे। सौरभ के चाचाजी ने अपने बगीचे के एक टोकरी आम भेजे।
आम बहुत मीठे थे। सौरभ को आम बहुत अच्छे लगे। उसने सोचा – ऐसे ही आम मैं अपने बगीचे में लगाऊँगा।

क) गरमियों के दिनों में सौरभ के चाचाजी ने क्या भेजा?

______________________________________________________________

ख) सौरभ को कौन-सा फल बहुत अच्छा लगा?

______________________________________________________________

ग) सौरभ ने अपने बगीचे में क्या लगाने का सोचा?

______________________________________________________________

घ) विलोम शब्द लिखिए।

मीठा × -------------------- अच्छा × -----------------------

ड.) अधूरे शब्दों को पूरा करिए ।

टो ------ री बगी --------------

## ( पाठ्य पुस्तक आधारित प्रश्न ) (10)

प्रश्न.2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

क) आपके घर या विद्यालय में कौन-कौन से पेड़-पौधे लगे हैं? (2)

_______________________________________________

ख) बीरबल किसलिए प्रसिद्ध थे? (2)

_______________________________________________

ग) बादशाह ने अगले दिन उस व्यक्ति को इनाम क्यों नहीं दिया? (2)

_______________________________________________

घ) बीरबल ने उस व्यक्ति की सहायता कैसे की? (2)

_______________________________________________

ड़) सौरभ ने पानी डालना क्यों बंद कर दिया? क्या उसे ऐसा करना चाहिए था? (2)

_______________________________________________

## ( रचनात्मक लेखन ) (5)

प्रश्न 3. बीरबल की चतुराई पर पाँच वाक्य लिखिए । (5)

या

आम के पेड पर पाँच वाक्य लिखिए ।

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

## ( व्याकरण आधारित प्रश्न )

प्रश्न 4. क) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (1)

कम × -------------------- दिन × --------------------

ख) वाक्यों को सही करके लिखिए। (2)

1. बाग फूल खिले हैं ।

_______________________________________________________________

2.उन्होंने बीरबल बुलावा भेजा।

_______________________________________________________________

ग) बहुवचन लिखिए। (1)

बच्चा - ----------------- मोहरा - ----------------------

घ) नीचे दी गई जगह में दो-दो फलों के नाम लिखिए। (2)

गुठली वाले फल – ____________ , ____________

बिना गुठली वाले फल – ____________ , ____________

ड.) नीचे लिखे शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (2)

जल – ____________ , ____________

पृथ्वी - ____________ , ____________

च) नीचे दिए गए शब्दों में से काम वाले और नाम वाले शब्द छाँटकर लिखिए। (2)

( पिताजी, सोचना, भेजना, आम )

काम वाले शब्द – ____________ , ____________

नाम वाले शब्द – ____________ , ____________

प्रश्न 5. (क) शब्दों को उनके सही अर्थ से मिलाइए। (2)

| | |
|---|---|
| अ) बगीचा | हैरानी |
| ब) आश्चर्य | हाज़िर |
| स) उपस्थित | मशहूर |
| द) प्रसिद्ध | उपवन |

(ख) दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्दों पर गोला लगाइए। (3)

अ) बंदर की पूँछ लंबी है।

ब) यह लाल गुलाब है।

स) सौरभ ने बगीचे में छोटा पौधा लगाया।

प्रश्न 6. दिए गए शब्दों में से सही शब्द पर गोला लगाइए। (2)

(क) वर्षा बषा बरसा

(ख) काहानी कहानी कहनी

प्रश्न 7. सुलेख लिखिए। (3)

एक दिन बादशाह अकबर ने अपने दरबार में एक फूलदान रखकर कहा, "जो इसे बिना हाथ लगाए मेरे पास ले आएगा, उसे इनाम मिलेगा।" सभी दरबारी सोच में पड़ गए।

तब बीरबल आगे आए। उन्होंने एक सेवक से मेज़ को धीरे-धीरे अकबर के पास खिसकाने के लिए कहा। मेज़ के साथ फूलदान भी अकबर के पास पहुँच गया। बीरबल ने फूलदान को हाथ नहीं लगाया।